म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
राजीव गांधी भवन खण्ड 2, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल, 0755-2660203

क्र.01..../ज.अ.प./टी.एम./सी.एम.सी.एल.डी.पी./22 — भोपाल, दिनांक 03../01/22

प्रति,

1. संभाग समन्वयक (समस्त)
2. जिला समन्वयक (समस्त)
3. विकासखंड समन्वयक (समस्त)

म.प्र. जन अभियान परिषद्

विषय- शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में प्रदेश के समस्त विकासखंडों में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत बी.एस.डब्ल्यू. कक्षा के संचालन के संबंध में।

संदर्भ- 1. उच्च शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक- 1703, दिनांक 20.10.2021।
2. लोक शिक्षण संचालनालय का पत्र क्रमांक- 2005, दिनांक 16.12.2021।
3. म.गा.चि.ग्रा. वि.वि. का पत्र क्रमांक सी.एम.सी.एल.डी.पी./21/1666 दिनांक 28/12/21

------"------

मान. मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित परिषद् की शासी निकाय की 12वीं बैठक मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम परिषद् के माध्यम से पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार पाठ्यक्रम अंतर्गत बी.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष की कक्षा का संचालन पुनः प्रारंभ किया जाना है। इस सम्बन्ध में संदर्भित पत्रों के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड मुख्यालयों पर संचालित महाविद्यालयों में, तथा ऐसे विकासखंड जहाँ महाविद्यालय संचालित नहीं है वहां स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय/माध्यमिक विद्यालयों में, पाठ्यक्रम का संचालन किए जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है।

अतः शैक्षणिक सत्र 2022-23 में परिषद् द्वारा प्रदेश के समस्त विकासखंडों में पाठ्यक्रम अंतर्गत बी.एस.डब्ल्यू प्रथम वर्ष की कक्षाओं का संचालन किया जावेगा। यह पाठ्यक्रम महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट, जिला सतना से सम्बद्धता प्राप्त होगा।

पाठ्यक्रम संचालन हेतु महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2022-23 के प्रवेश सूचना, दिशा-निर्देश एवं एकादमिक केलेण्डर प्राप्त हुये है। जिसके अनुसार छात्रों के ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया दिनांक **01.01.2022** से प्रारंभ होगी तथा कक्षाओं का संचालन का कार्य दिनांक **06.03.2022** से प्रारंभ होगा।

तदानुसार प्रथम वर्ष में छात्रों के प्रवेश हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। कक्षा संचालन हेतु मेंटर्स की व्यवस्था, क्षेत्रिय एवं प्रदत्त कार्यों की जानकारी, बजट आदि के संबंध में निर्देश पृथक से जारी किये जावेंगे।

संलग्न: उपरोक्तानुसार।

(डॉ. धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय)
कार्यपालक निदेशक
म.प्र. जन अभियान परिषद्

म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
राजीव गांधी भवन खण्ड 2, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल, 0755-2660203

पृ.क्रं....01..../ज.अ.प/टी.एम./सी.एम.सी.एल.डी.पी./22 भोपाल, दिनांक ...03../01/22

प्रतिलिपिः-

1. प्रमुख सचिव, मान. मुख्यमंत्री, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. निज सहायक, मान. उपाध्यक्ष, म.प्र. जन अभियान परिषद् की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, आदिमजाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6. सचिव, म.प्र. शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7. निज सहायक, महानिदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद् की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8. कुलपति, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट जिला-सतना, की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
9. डॉ. अमरजीत सिंह, निदेशक एवं लिंक अधिकारी,सी.एम्.सी.एल.डी.पी., म.गा.चि.ग्रा.वि.वि., चित्रकूट जिला सतना की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
10. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रिस्प, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. गार्ड नस्ती।

कार्यपालक निदेशक
म.प्र. जन अभियान परिषद्